
# सीमा पर अवैध निर्माणों पर चलेगा बुलडोजर

- बीकानेर में अमित शाह की हाईलेवल सुरक्षा बैठक
- राजस्थान बॉर्डर पर 360 डिग्री सुरक्षा प्लान तैयार



**बीकानेर, 27 मई. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के बीकानेर में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की.बैठक में भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे जिलों से जुड़े सुरक्षा संबंधी मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई.**

बैठक में प्रत्येक सीमावर्ती जिले के लिए 360 डिग्री सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने का निर्णय लिया गया.इस एकीकृत प्रयास में स्थानीय नागरिकों, राज्य सरकार की मशीनरी और सभी संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे सीमा प्रबंधन को और अधिक विस्तृत एवं मजबूत बनाया जा सके. बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों तथा बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर एवं फलोदी के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया.बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि राज्य सरकार के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सीमा प्रबंधन को सशक्त एवं व्यापक बनाया जाए.

### अंतर्राष्ट्रीय सीमा के दायरे के अतिक्रमणों को करें जमींदोज

बैठक के दौरान, गृह मंत्री अमित शाह ने अवैध निर्माणों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया.उन्होंने विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा से 0-15 किलोमीटर के दायरे में हो रहे अवैध निर्माणों को जमींदोज करने का निर्देश दिया. शाह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और राज्य सरकार की मशीनरी के साथ समन्वित सीमा प्रबंधन रणनीति अपनाए जाने पर बल दिया, ताकि घुसपैठ, नारकोटिक्स तस्करी, अतिक्रमण, आतंकवादी फंडिंग और अन्य सीमा-पार अपराधों पर शिकंजा कसा जा सके।केन्द्रीय गृह मंत्री ने जिला मजिस्ट्रेटों को जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए निर्देश दिया कि वे सभी बैंकों में पूर्ण कानूनी एवं वित्तीय अनुपालन सुनिश्चित करें, प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का सत्यापन करें, उनके फंडिंग स्रोतों की जांच करें, म्यूल खातों एवं शेल कंपनियों को ट्रैक करें, फर्जी आधार कार्डों की पहचान करें तथा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करें. इसके अलावा, निर्देश दिया कि साइबर अपराधों के त्वरित निवारण के लिए '1930' कॉल सेंटर का प्रभावी उपयोग किया जाए.

## अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़

**अमृतसर, 27 मई.** पंजाब में अमृतसर आयुक्तालय पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सीमा पार से संचालित अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ अत्याधुनिक पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी वर्चुअल नंबरों के जरिए विदेश में बैठे एक तस्कर के संपर्क में थे. यह गिरोह ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान सीमा पार से हथियार और नशीले पदार्थों की खेप मंगवाता था, जिन्हें बाद में पंजाब में आपराधिक तत्वों तक पहुंचाया जाता था.

# लेबनान में बमबारी से 31 की मौत

- युद्ध विराम के बाद भी इजरायल ने गिराए ताबड़तोड़ बम

**बेरुत, 27 मई. दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की भीषण बमबारी में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी है. अप्रैल के मध्य में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से यह अब तक की सबसे भारी बमबारी मानी जा रही है.**

ये हवाई हमले बेका घाटी के मशघरा गांव, दक्षिणी शहर बुर्ज अल-शमाली और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करीब 900 साल पुराने मध्ययुगीन किले ब्यूफोर्ट कैसल के आस-पास के इलाकों में किये गये हैं. हवाई हमलों के अलावा इजरायल



के थल सेना भी लेबनान के इलाके में काफी भीतर तक दाखिल हो रही है. इसके साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के शहरों और गांवों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गये हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं. सुरक्षित बचे लोगों में सात साल का मोहम्मद भी शामिल है, जो उस समय सो रहा था, जब एक मिसाइल ने उसके घर को तबाह कर दिया. इस हमले में मोहम्मद के पिता और उसकी दो बहनों की मौत हो गई. स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में दक्षिणी लेबनान के मशघरा और बुर्ज अल-शमाली को भी निशाना बनाया गया है.

> लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इजरायल युद्धक विमानों ने रातभर में दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा ठिकानों पर बमबारी की है. इन हमलों में बच्चों समेत कम से कम 31 लोगों की जान चली गयी है. बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह पर सैन्य दबाव और बढ़ाने का संकल्प लिया है.

# अब्राहम समझौते में शामिल दावे को पाकिस्तान ने किया खारिज

**इस्लामाबाद, 26 मई. पाकिस्तान ने अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया है. पाकिस्तान का यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ चल रही वार्ताओं से जुड़ी व्यापक क्षेत्रीय व्यवस्था के हिस्से के रूप में पाकिस्तान सहित कई मुस्लिम-बहुल देशों से इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य करने के आग्रह के बाद आया है.**

समा टीवी को दिये साक्षात्कार में आसिफ ने कहा, व्यक्तिगत रूप से मुझे नहीं लगता कि हमें किसी ऐसे समझौते में शामिल होना चाहिए, जो हमारी मौलिक विचारधाराओं से टकराता हो. उन्होंने जोर दिया कि पाकिस्तान ऐसे किसी भी समझौते का समर्थन नहीं करेगा, जो उसे फिलीस्तीन-इजरायल पर देश के लंबे समय से चले आ रहे सिद्धांतों के खिलाफ खड़ा करता हो.

इजरायल के साथ किसी भी जुड़ाव की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा, आप उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं, जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता? पाकिस्तान के आधिकारिक रुख की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है. उन्होंने कहा, हमारा रुख बेहद साफ है कि यह हमें स्वीकार्य नहीं है.

## आज का इतिहास


1414 - खिज्र खां ने दिल्ली की गद्दी पर कब्जा कर सैयद वंश की नींव रखी.
1674 - जर्मनी की संसद ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
1845 - कनाडा के क्यूबेक में आग से 1500 मकान नष्ट हो गए.
1883 - स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर का जन्म हुआ.
1900 - चीन में बॉक्सर विद्रोहियों ने फेंगताई रेलवे स्टेशन को जलाया.
1918 - अजरबैजान स्वतंत्र हुआ और उसने स्वयं को लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया.
1952 - यूनान में महिलाओं को मताधिकार मिला.

# भीषण गर्मी पर मोदी की विशेष अपील

- लू से बचाव के लिए पीएम मोदी ने दिए जरूरी मंत्र
- प्रचंड गर्मी के बीच मोदी ने मंत्रियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली, 27 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में प्रचंड गर्मी और लू के दौर को देखते हुए सभी देशवासियों से सावधानी बरतने और सभी मंत्रालयों से जनता को गर्मी और लू से बचाने के लिए हर संभव उपय करने का आह्वान किया है.**

श्री मोदी ने मंत्रिमंडल की बुधवार को यहां हुई बैठक में सभी मंत्रियों का ध्यान देश में पड़ रही भीषण गर्मी की ओर दिलाया और उनसे लोगों को इससे राहत दिलाने के लिए अपने अपने स्तर पर उपाय



करने को कहा.बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने मंत्रियों के साथ गर्मी और लू की स्थिति पर चर्चा की और उनसे मंत्रालय स्तर पर लोगों को राहत दिलाने के लिए कदम उठाने को कहा. इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट में लोगों से लू और गर्मी से बचने के लिए पूरी सावधानी बरतने और अपने साथ साथ दूसरे लोगों का भी ध्यान रखने की अपील की.

> श्री मोदी ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर धूप में काम करने वाले लोग भीषण गर्मी के दौरान विशेष रूप से प्रभावित होते हैं और चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज़ करना हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है।श्री मोदी ने लोगों से घर के बुजुर्गों और अन्य प्रियजनों का नियमित रूप से हालचाल पूछते रहने तथा उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त आराम करने की सलाह देने का भी आह्वान किया.

# नासिक बांध में 4 लोग डूबे

**नासिक, 27 मई. महाराष्ट्र में नासिक-हरसुल सड़क के पास कश्यपी बांध में चार लोग डूब गए, जिनमें पति-पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं.**

हालाँकि,एक स्थानीय महिला की ओर से समय पर की गयी मदद के कारण इस घटना में दो साल की एक बच्ची को बचा लिया गया. मृतकों की पहचान सचिन कैलाश थोंबरे (32) के रूप में हुई है, जो नासिक में बसे एक सिविल इंजीनियर थे. उनकी पत्नी रोहिणी थोंबरे और उनके पड़ोसी दो भाई-बहन केतन अनिल पवार (16) और कौशल्या पवार (14) हैं. संगीता घाडगे ने बांध के किनारे एक छोटे बच्चे को रोते हुए और पानी की ओर इशारा करते हुए देखा. जैसे ही वह बच्ची रोते हुए बांध की पहुँचीं और बच्ची को गोद में उठा लिया, जिससे उसकी जान बच गई.

### रांची के तालाब में डूबने से दो बच्चियों की दर्दनाक मौत

**रांची, 27 मई.** झारखंड के गढ़वा जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंबा गांव में तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पतरिहा कलां गांव के हरिजन टोला निवासी राजू राम की आठ वर्षीय बेटी प्रियांशु कुमारी और परमेश्वर राम की 10 वर्षीय बेटी रेशमा कुमारी मंगलवार सुबह करीब नौ बजे घर से बहवा पहाड़ की ओर लकड़ी चुनने निकली थीं. शाम तक दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं तो परिजनों की चिंता बढ़ गई. इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों ने रातभर आसपास के इलाकों में उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला.

## एक नजर में

### पिछड़े क्षेत्रों को जोड़ेगे रेल कनेक्टिविटी परियोजना




**नई दिल्ली, 27 मई.**ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन परियोजना बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कनेक्टिविटी परियोजना है. यह परियोजना मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ती है। सिंगरौली ललितपुर रेलवे लाइन पन्ना के जंगलों से गुजरती है यह लाइन मध्य प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र को झांसी भोपाल के मैन लाईन से जोड़ती है। पन्ना के जंगल के अलाइंमेंट से जुड़ी खबरों का रेल मंत्री जी ने संज्ञान लिया। एलाइनमेंट के ड्रोन फोटो और टोपो शीट का अध्ययन किया टीम को निर्देश दिया की एक्साइटिंग अलाइमेंट एंड टेक्निकल एक्सपर्ट को बुलाकर रेलवे लाइन निर्माण का एक बार फिर अध्ययन करें ताकि पेड़ों को बचाया जा सके.

### उत्तर कोरिया ने नए मिसाइल लॉन्चर का परीक्षण



**प्योंगयांग, 27 मई.** उत्तर कोरिया ने एक नए मिसाइल लॉन्चर का परीक्षण किया है. यह जानकारी उत्तर कोरिया ने बुधवार को दी. रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रशासन और रक्षा विज्ञान अकादमी ने नव विकसित हल्के बहुउद्देशीय मिसाइल लॉन्चर और एक बहुउद्देशीय सामरिक क्रूज मिसाइल प्रणाली का परीक्षण किया. रिपोर्ट के मुताबिक, परीक्षणों में एक विशेष प्रयोजन सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल की शक्ति, एक विस्तारित दूरी की निर्देशित मिसाइल की विश्वसनीयता और एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-निर्देशित सामरिक क्रूज मिसाइल की सटीकता का विश्लेषण और मूल्यांकन किया गया.

### आसाराम की उम्र कैद की सजा बरकरार



**जोधपुर, 27 मई.** राजस्थान उच्च न्यायालय ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के मामले में स्वयंभू संत आसाराम की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है और उसे तुरंत समर्पण करने का आदेश दिया है. न्यायमूर्ति अरुण मोंगा और न्यायमूर्ति योगेंद्र कुमार पुरोहित की पीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया. न्यायालय ने गत 20 अप्रैल को सुनवाई पूरी होने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था. न्यायालय ने आसाराम को तुरंत समर्पण करने के आदेश दिये हैं. आसाराम चिकित्सीय आधार पर मंजूर की गयी अंतरिम जमानत पर इन दिनों जेल से बाहर है.इस मामले में सह-आरोपी शिल्पी और शरतचंद को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया. यह मामला 2013 का है.

# होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान-अमेरिका में समझौते

- ईरान ने जारी किया पीस डील ड्राफ्ट

**तेहरान/वॉशिंगटन, 27 मई.ईरान- के सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का एक शुरुआती और अनौपचारिक ड्राफ्ट तैयार किया गया है.**

रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित समझौते में यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी कम करने और नौसैनिक घेराबंदी हटाने की बात कही गई है.इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को सामान्य स्तर पर बहाल करेगा।ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान संयुक्त रूप से करेंगे. हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यह ड्राफ्ट अभी अंतिम नहीं है और ठोस सुरक्षा गारंटी मिलने के बाद ही ईरान आगे बढ़ेगा।वहीं, व्हाइट हाउस ने इन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है.

अमेरिकी प्रशासन ने बयान जारी कर कहा कि ईरानी मीडिया में चल रही रिपोर्ट झूठी और मनगढ़ंत है.अमेरिका ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह के औपचारिक समझौते को लेकर ऐसी कोई पुष्टि नहीं की गई है. ईरानी मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रस्तावित समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट में शिपिंग गतिविधियां सामान्य की जाएंगी और अमेरिकी नौसैनिक घेराबंदी समाप्त होगी.

## नौसेना ने किए समुद्री डकैती के प्रयास विफल

**नई दिल्ली, 27 मई.** भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में एक व्यापारिक जहाज के पास समुद्री डकैती (पायरेसी) के प्रयास को सफलतापूर्वक विफल किया है. आईएनएस कोलकाता ने व्यापारिक जहाज एमवी माशाल्लाह प्रथम के आसपास संदिग्ध समुद्री डकैती गतिविधियों की सूचना मिलने पर तेजी से कार्रवाई की और किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई को रोकने के लिए तत्काल उपाय किए. आईएनएस कोलकाता के समय पर किये गये इस हस्तक्षेप ने व्यापारिक जहाज और उसके चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित की और वह स्थिति टल गई जो एक समुद्री डकैती के हमले में बदल सकती थी.

# 1,150 करोड़ की 115 किलोग्राम कोकीन जब्त

- इंटरसेप्टर नौकाओं ने मुंद्रा लंगरगाह में व्यापक तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली, 27 मई. भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद-विरोधी दस्ते ने समुद्री नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को करारा झटका देते हुए गुजरात के मुंद्रा तट से संयुक्त तस्करी-विरोधी अभियान के दौरान 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 1,150 करोड़ रुपये आंकी गई है.**

गत 25 और 26 मई के बीच चलाए गए इस खुफिया-आधारित अभियान को एटीएस गुजरात द्वारा समुद्री मार्ग से संदिग्ध मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में दी



गई विशिष्ट और कार्रवाई योग्य सूचनाओं के बाद शुरू किया गया था. अधिकारियों के अनुसार, एटीएस कर्मियों को ले जा रही आईसीजी की इंटरसेप्टर नौकाओं ने मुंद्रा लंगरगाह क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया. अभियान के दौरान, सुरक्षा कर्मियों ने क्षेत्र में लंगर डाले एक कंटेनर पोत से जुड़ी संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया.

> पाउडर जैसे पदार्थ से भरे पैकेट थे, जिनकी जांच में कोकीन की पुष्टि हुई. अधिकारियों ने बताया कि कुल 115 पैकेट बरामद किए गए, जिनमें से प्रत्येक का वजन एक किलोग्राम था. कुल जब्त की गई मात्रा लगभग 115 किलोग्राम हो गई. अंतरराष्ट्रीय बाजार आकलन के अनुसार, इस प्रतिबंधित पदार्थ की अनुमानित कीमत 1,150 करोड़ है. तस्करी के प्रयास से जुड़े संदिग्ध कंटेनर पोत को विस्तृत जांच और आगे की कार्यवाही के लिए बंदरगाह ले जाया गया. यह पिछले पांच वर्षों में भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एटीएस द्वारा संयुक्त रूप से संचालित 15वां सफल मादक पदार्थ विरोधी अभियान है.

## सुको ने अमेजन को दी राहत 202 करोड़ का जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली, 27 मई.**उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनक्लैट) के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें फ्यूचर समूह के साथ अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न के निवेश समझौते के निलंबन को बरकरार रखा गया था.भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने अमेज़न के इस निवेश को रद्द कर दिया था, जिसके बाद कंपनी ने एनक्लैट में अपील की थी.एनक्लैट ने भी अमेज़न की इस अपील को रद्द कर दिया था. न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सीसीआई के 17 दिसंबर 2021 के फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें निवेश समझौते को निलंबित करने और अमेज़न पर 202 करोड़ का जुर्माना रद्द किया.

# डॉक्टर और फिजिक्स फैकल्टी समेत दो और गिरफ्तार

- नीट-यूजी पेपर लीक में सीबीआई का बड़ा एक्शन
- नीट केस में गिरफ्तारी का आंकड़ा 13 पहुंचा

**नई दिल्ली, 27 मई. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) प्रश्न पत्र लीक मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 13 हो गयी है.**

सीबीआई सूत्रों ने बताया कि नीट-यूजी 2026 प्रश्न लीक मामले में डॉ. मनोज शिरुरे नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जो लातूर का रहने वाला एक डॉक्टर है. उसने एक कोचिंग सेंटर के मालिक (जो खुद आरोपी है) के बेटे सहित तीन छात्रों को आरोपी पी.वी. कुलकर्णी से रसायन विज्ञान के प्रश्न पत्र दिलाने में अहम भूमिका निभायी थी. वहीं, इस मामले में पीवी कुलकुर्णी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है . दूसरा आरोपी तेजस हर्षदकुमार शाह है, जो पुणे स्थित एक कोचिंग सेंटर, डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल अकादमी में भौतिक विज्ञान का संकाय है. उसे नीट-यूजी 2026 परीक्षा के लीक हुए भौतिक विज्ञान के प्रश्न गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवलदार से मिले थे.मामले की पूरी कड़ी और साजिश का पता लगाने के लिए जांच जारी है.

## अदालत ने विपक्ष को दिया करारा जवाब : भाजपा



**नई दिल्ली, 27 मई.** भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विपक्ष और कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं पर आरोप लगाने की रणनीति अपनाई, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उनके सभी दावों को खारिज कर दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार और पश्चिम बंगाल में चुनावी हार के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी दल लगातार देश में भ्रम और अस्थिरता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे. एसआईआर के खिलाफ दायर याचिका का खारिज होना केवल कानूनी नहीं, बल्कि विपक्ष की संवैधानिक और राजनीतिक हार भी है.

# डीके शिवकुमार होंगे कर्नाटक के सीएम

- डीके सरकार में 2 डिप्टी सीएम फॉर्मूला चर्चा में
- सिद्धारमैया बोले- मैं कल बात करूंगा



**बेंगलुरु, 27 मई. सिद्धारमैया के संभावित इस्तीफे और कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के बीच राज्य की राजनीति में बदलाव लगभग तय हो गया है.**

सूत्रों के अनुसार डी. के. शिवकुमार बुधवार को दिल्ली में ही थे, चर्चा है कि उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को विधायक दल का नेता चुना जा सकता है. वहीं, दो डिप्टी सीएम कर्नाटक में हो सकते हैं. इसी बीच पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला बुधवार को ही बेंगलुरु पहुंचे और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आवास पर बैठक की. गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल की अहम बैठक हो सकती है. जिसमें नए नेता के चयन पर फैसला लिया जा सकता है.इसके बाद नई सरकार गठन का दावा पेश किए जाने की संभावना जताई जा रही है. सिद्धारमैया के बेटे (यतींद्र) को शिवकुमार की कैबिनेट में मंत्री पद मिल सकता है. दिल्ली से लौटने के बाद मीडिया से बातचीत में सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन के सवालों पर सीधे जवाब देने से बचते हुए कहा कि मैं कल बोलूंगा.

## मानसून आगमन

### केरल में अटका मानसून, यूपी के बांदा में पारा 47 .4 डिग्री पहुंचा

# प्री-मानसून बारिश से लोगों को मिलेगी राहत

- 90 प्रतिशत भारत में बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली/लखनऊ, 27 मई. देशभर में भीषण गर्मी और लू के बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है. 29 मई से 5 जून के बीच देश के करीब 80-90 प्रतिशत हिस्से में प्री-मानसून बारिश होने की संभावना जताई गई है.**

मौसम में यह बदलाव ऐसे समय आ रहा है, जब दक्षिण भारत में कमजोर नमी के कारण मानसून अभी तक केरल नहीं पहुंच पाया है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, केरल में मानसून पहुंचने के लिए तय 14 मौसम केंद्रों पर लगातार दो दिन 2.5 मिमी बारिश जरूरी होती है, लेकिन फिलहाल यह स्थिति नहीं बन सकी है.दक्षिण-मध्य अरब सागर में बने चक्रवाती सर्कुलेशन के कारण बादल कमजोर पड़े हैं, जिससे मानसून की रफ्तार धीमी हो गई है.



**देश के सबसे गर्म शहर और उनका तापमान**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बांदा (यूपी) | 47 .4 डिग्री | बीकानेर | 46 डिग्री |
| श्रीगंगानगर (राजस्थान) | 47 डिग्री | फलोदी | 46 डिग्री |
| ब्रह्मपुरी (महाराष्ट्र) | 46 .6डिग्री | सिरसा (हरियाणा) | 46 डिग्री |
| चंद्रपुर | 46 .4डिग्री | | |

> **उत्तर भारत में गर्मी का कहर**
> उत्तर प्रदेश का बांदा लगातार नौवें दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा.यहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.इसके अलावा उरई, झांसी, प्रयागराज, आगरा और हमीरपुर में भी तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा. राजस्थान में श्रीगंगानगर 47 डिग्री के साथ दूसरे सबसे गर्म शहर के रूप में दर्ज किया गया.बीकानेर, फलोदी, जैसलमेर और कोटा में भी भीषण गर्मी बनी रही.

## ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुको का बड़ा झटका

**नई दिल्ली, 27 मई.**सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत जीएसटी वसूली को वैध ठहराया, पुराने लेनदेन पर भी टैक्स चुकाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को बड़ा झटका देते हुए 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (त्वस्त्र) वसूली को वैध ठहरा दिया है.अदालत के इस फैसले के बाद देश की प्रमुख ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की भारी टैक्स देनदारी आ सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म केवल मध्यस्थ या सुविधा प्रदाता नहीं हैं, बल्कि वे कार्रवाई योग्य दावों की आपूर्ति करते हैं.अदालत ने कहा कि जीएसटी कानून के तहत ऐसे लेनदेन पर टैक्स लगाया जाना पूरी तरह उचित है.

# पं . नेहरू को खरगे-राहुल ने दी श्रद्धांजलि

नेहरूजी ने अपना जीवन स्वतंत्रता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता के आदर्शों को समर्पित किया : खरगे

- नेहरूजी ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी :राहुल

**नई दिल्ली 27 मई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि स्थल शांतिवन जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की.**

इस मौके पर श्री खरगे ने कहा कि पंडित नेहरू की स्थायी विरासत आज भी भारत की आत्मा का मार्गदर्शन करती है. उन्होंने कहा कि नेहरू जी ने अपना जीवन स्वतंत्रता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच के आदर्शों को समर्पित किया. उनका दूरदर्शी



नेतृत्व आज भी देश की सामूहिक चेतना को प्रेरित करता है और समावेशी एवं प्रगतिशील राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाता है.

श्री खरगे ने नेहरू जी को 'हिंद के जवाहर' बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर सत्य, एकता और शांति के मूल्यों को कायम रखा और देश को नई दिशा दी. वहीं, श्री गांधी ने कहा कि पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत की मज़बूत नींव रखी और एक समावेशी, सौहार्दपूर्ण एवं प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया. स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित नेहरू जी का दूरदर्शी नेतृत्व सदैव देश का मार्गदर्शन करता रहेगा.